तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 24 मार्च 2026



11 पीएम श्री स्कूल के छात्रों ने शिवरीनारायण तुरतुरिया...





12 माता के भक्ति में डूबा अंचल, आस्था के ज्योत...






## नवरात्रि विशेष



### षष्ठम: कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्जवलकरा शार्दूलवरवाहना।

तैयारी : अधिकारियों को दिये जरूरी निर्देश

# सीएम साय का आगमन कल, तैयारी का कलेक्टर ने किया मौका मुआयना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत राज्य स्तरीय राशि अंतरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का 25 मार्च को बलौदाबाजार आगमन प्रस्तावित है। इसे लेकर जिला प्रशासन द्वारा पं. चक्रपाणी शुक्ला हाई स्कूल मैदान में तैयारी की जा रही है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सोमवार को अधिकारियों के साथ तैयारी का जायजा लेकर जरुरी निर्देश दिये।

कलेक्टर ने मुख्य मंच, ग्रीन रूम, वीआईपी, मीडिया, हितग्राही सहित अन्य बैठक व्यवस्था की जानकारी ली। इसके साथ ही विभागीय स्टॉल, हेल्थ कैम्प, वीआईपी एवं सामान्य प्रवेश द्वार, वाहन पार्किंग, कार्यक्रम स्थल पर आने रूट की भी जानकारी लेकर उत्कृष्ट व्यवस्था के निर्देश दिये। उन्होंने पेयजल, बायो टॉयलेट, साफ-सफाई, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, मुख्य मंच की साज-सज्जा के संबंध में संबंधित ▶▶ शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री कार्यक्रम के लिए वाहन पार्किंग निर्धारित

**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में 25 मार्च को पं. चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार खेल मैदान में प्रस्तावित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत राशि अंतरण कार्यक्रम हेतु वाहन पार्किंग स्थल निर्धारित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार कसडोल अनुभाग की ओर से आने वाली वाहन दशहरा मैदान एवं नगर भवन में पार्क होगी। इसी तरह पलारी अनुभाग की ओर से आने वाली वाहन ऑडिटोरियम एवं पं. चक्रपाणी शुक्ल स्कूल परिसर में, भाटापारा एवं सिमगा अनुभाग की ओर से आने वाली वाहन एसपी बंगला आस-पास व मारुती रेस्टोरेंट, बलौदाबाजार व लवन तहसील अंतर्गत वाहन तहसील कार्यालय बलौदाबाजार, जनपद कार्यालय एवं साहू समाज सामुदायिक भवन के पास पार्क करेंगे।

# युवती को जलाने की नीयत से पेट्रोल डाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



पुलिस सहायता केंद्र लिमतरा क्षेत्र के अंतर्गत एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने युवती के चरित्र पर संदेह करते हुए न केवल उसके साथ मारपीट की, बल्कि उसे जिंदा जलाने की भी कोशिश की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

■ पिकनिक जाने को लेकर हुआ विवाद

प्रार्थिया द्वारा पुलिस सहायता केंद्र लिमतरा में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 25 जनवरी को प्रार्थिया अपने माता पिता के साथ पिकनिक मनाने मनकुदीप जाने तैयार हो रही थी, जिसको आरोपी द्वारा तुम पिकनिक मनाने नहीं किसी और के साथ मिलने जा रही हो, कहकर प्रार्थिया के चरित्र पर शंका कर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और हाथ मुक्का से मारपीट कर चोट पहुंचाया। प्रार्थिया की हत्या करने की नियत से उस पर पेट्रोल डालकर माचिस मार रहा था। इस बीच प्रार्थिया किसी तरह वहां से अपनी जान बचाकर भागी। पुलिस ने धारा 296, 115(2), 351(3), 109 बीएनएस के मामले में ▶▶ शेष पेज 11 पर

## शासकीय अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**बलौदाबाजार।** पंजीयन विभाग द्वारा राजस्व संग्रह को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मार्च माह के अंत में आने वाले शासकीय अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने पंजीयन कार्य 28 मार्च अंतिम शनिवार, 29 मार्च अंतिम रविवार एवं 31 मार्च महावीर जयंती को भी जिले के पंजीयन कार्यालय खुले रखने के आदेश दिये हैं। इन दिनों में पंजीयन कार्यालयों को खोलकर दस्तावेजों का पंजीयन कार्य किया जाएगा। साथ ही 31 मार्च तक बैंकिंग लेनदेन सुचारू रखने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि राजस्व प्रक्रिया प्रभावित न हो। इस संबंध में जिला पंजीयक एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## डीके कॉलेज खेल मैदान को किया समतल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पिछले कुछ माह से दाऊ कल्याण शासकीय महाविद्यालय बलौदाबाजार परिसर में निर्माण कार्यों के चलते खेल मैदान पूरी तरह से खराब हो गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा खेल मैदान का समतलीकरण कराया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग द्वारा खेल मैदान का समतलीकरण कार्य प्रगति पर है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि परिसर में निर्माण कार्य जारी होने के कारण मैदान क्षतिग्रस्त है, लेकिन विभाग द्वारा इसका जल्द समतलीकरण कर लिया जाएगा।



## राशनकार्डधारियों को एक मुश्त मिलेगा तीन माह का चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन द्वारा सार्वजानिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, छत्तीसगढ़ खाद्य और पोषण सुरक्षा अधिनियम एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के राशन कार्डधारी परिवारों को माह अप्रैल से जून तक राशन सामग्री आवंटन का भंडारण एवं वितरण के निर्देश दिये गए हैं। सभी राशनकार्डधारियों को माह अप्रैल से जून तक पात्रता अनुसार चावल का वितरण 30 अप्रैल तक एकमुश्त किया जाएगा।

■ अप्रैल से जून तक का चावल 31 मार्च तक भण्डारण के निर्देश

आवंटन अनुरूप चावल का भण्डारण उचित मूल्य दुकानों में 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराए जाने एवं तीन महीने का चावल 30 अप्रैल तक वितरण कराने के निर्देश दिये गए हैं। चावल क़ो छोड़कर अन्य खाद्यान्न सामग्री का भण्डारण एवं वितरण नान में स्टॉक की उपलब्धता के आधार पर माह अप्रैल से जून के दौरान प्रति माह पृथक -पृथक जारी आवंटन अनुसार भण्डारण एवं वितरण किया जाएगा। दुकान स्तर की निगरानी समिति के समक्ष हितग्राहियों को चावल एवं अन्य राशन सामग्री का वितरण किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के सभी शासकीय मूल्य दुकानों में 3 माह का चावल भण्डारण हेतु पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश खाद्य विभाग के अधिकारियों को दिये हैं।




# हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का टीम ने किया अभिनंदन



बलौदाबाजार। हरिभूमि एवं आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद 2026 कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय पहुंचे हरिभूमि–आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सर्किट हाउस में हरिभूमि एवं आईएनएच की टीम द्वारा आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।
इस अवसर पर टीम के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान जिले के समग्र विकास, वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर सार्थक चर्चा की गई, जिसमें विभिन्न वर्गों के लोगों की भागीदारी रही।

स्वागत कार्यक्रम में हरिभूमि की जिला टीम सक्रिय रूप से उपस्थित रही। जिला ब्यूरो प्रमुख दलजीत सिंह चावला के साथ संवाददाता धर्मेंद्र साहू (भटगांव), दरस राम टंडन (गोपालपुर), हेम कुमार साहू (पलारी), राजू पाल (हथबंद), मुकेश झा (भवानीपुर), राजकुमार जांगड़े (बिलाईगढ़), मदन खांडेकर (गिधौरी), विश्वनाथ द्विवेदी (सुहेला), शंकर सिंह राजपूत (हिरमी), हरालाल बर्वे (लवन), गनपत बंजारे (गिरसनाला) एवं ताराचंद कटौत्रे (बगबुड़ा) मौजूद रहे।

इसके अलावा आई एन एच बिजनेस हेड संजय बनवासी, जिला प्रसार प्रभारी सुमीत कुमार महोबिया एवं तोरण लाल साहू, जिला कार्यालयीन स्टाफ में कंप्यूटर ऑपरेटर हरपाल बंजारे एवं धनेश्वर प्रसाद ने भी आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आईएनएच की ओर से संवाददाता कुश अग्रवाल, तुलसी जायसवाल (भाटापारा) एवं चंद्र प्रकाश टांडे (सिमगा) की उपस्थिति रही। उल्लेखनीय है कि जिला संवाद 2026 के माध्यम से जिले के विभिन्न मुद्दों पर व्यापक विचार-विमर्श कर विकास को नई दिशा देने का प्रयास किया गया।

## खबर संक्षेप

### शहीद दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में भारत देश के अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन एवं महाविद्यालयीन छात्र उपस्थित रहे। अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि देश व प्रदेश में 23 मार्च को शहीदों को याद किया जाता है। कई संगठन अलग-अलग तरीकों से आज उन्हें नमन करते हैं। पूर्व सैनिक कन्हैया लाल सोनी ने शहीद भगत सिंह राजगुरु, सुखदेव अमर रहे के नारे लगाए।

### श्रीराम टोली ने बाजे गाजे के साथ निकाली चुनरी यात्रा

**महासमुंद।** श्रीराम टोली परिवार द्वारा वार्ड क्र. 19 द्वारा नवरात्र महापर्व की पंचमी को चुनरी यात्रा बाजे गाजे के साथ निकाली गई। राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी के जिलाध्यक्ष एवं टोली के प्रभारी शरद मराठा ने बताया कि आज सुबह ब्रम्ह मुहूर्त में 5 बजे माता की 151 फीट चुनरी यात्रा पुरानी मंडी चौक से बाजे गाजे, भजन कीर्तन करते हुए निकाली गई, जो बग्गा स्टोर्स चौक, अंबेडकर चौक, विठोबा टाकीज चौक, नीलकंठ साकरकर चौक से महामाया मंदिर पहुंची। जहां मंदिर में माता की पूजा-अर्चना भजन कर फूल माला से चुनरी भेंट की गई। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने श्रीराम टोली परिवार को चुनरी यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से लेकर लगातार 2 वर्ष से सुबह प्रतिदिन श्रीराम भक्ति के साथ प्रभात फेरी निकाली जाती है, जो सराहनीय है।

### तुमगांव स्कूल में छात्रों को कराया न्योता भोज

**महासमुंद।** शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में विधायक प्रतिनिधि राकेश तिवारी ने अपने जन्मदिन पर छात्रों को न्योता भोज कराया। छात्र-छात्राओं को खीर और पूड़ी का वितरण किया गया।

### विश्व जल दिवस पर युवोजल उत्सव का आयोजन

# जल स्रोतों की स्वच्छता व सुरक्षा पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल





एसबीआई फाउंडेशन एवं समर्थन के सहयोग से विश्व जल दिवस पर शहीद वीरनारायण सिंह युवा प्रशिक्षण केंद्र सोनाखान द्वारा 22 से 28 मार्च तक युवोजल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इस सप्ताहभर चलने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य पेयजल स्त्रोतों की सुरक्षा एवं जल संरक्षण के प्रति सामुदायिक जागरूकता बढ़ाना तथा जल प्रबंधन, योजना निर्माण एवं क्रियान्वयन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। 22 मार्च को जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं सुरक्षा पर युवा संवाद तथा चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित की गई। 23 मार्च को सोनाखान क्षेत्र में स्थित पेयजल स्त्रोत (हैंडपंप एवं ट्यूबवेल) का स्वच्छता सर्वेक्षण एवं सफाई कार्य किया जावेगा ताकि सुरक्षित पेयजल स्त्रोत के महत्व बढ़े। युवाओं द्वारा गांवों में पेयजल एवं जल संरक्षण के लिए कार्ययोजना तैयार की जायेगी।

इस कार्ययोजना को जीपीडीपी में प्रस्तावित किया जावेगा। 24 से 26 मार्च तक आसपास के 10 गांवों में भ्रमण कर युवा जल संवाद आयोजित किये जायेंगे। इन संवादों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर घर पानी की पहुंच जल संरक्षण पानी बचाने के उपायों तथा अकादमी की गतिविधियों में युवाओं की सहभागिता पर चर्चा होगी। प्रत्येक गांव में युवाओं को जल संबंधी मुद्दों पर जागरूक करने एवं उन्हें प्रशिक्षण से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।27 मार्च को किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ जल गुणवत्ता परीक्षण जल संबंधी समस्याओं पर चर्चा, पानी संबंधित महिलाओं के मुद्दों को एकत्रित करना ताकि योजना बना सके। रंगोली एवं पेंटिंग जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 28 मार्च को युवोजल उत्सव का समापन कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें पंचायत प्रतिनिधि स्वयं सहायता समूह (एस एच जी) के सदस्य एवं युवा शामिल होंगे। इस अवसर पर जल सर्वेक्षण एवं जल गुणवत्ता की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं एवं प्रतियोगिता विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा तथा जल संरक्षण पर संवाद आयोजित किया जाएगा।शहीद वीरनारायण सिंह युवा प्रशिक्षण केंद्र में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शारीरिक परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। साथ ही वे अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ाने के लिए स्वयं के साथ अन्य युवाओं को भी इस अभियान से जुड़ने हेतु प्रेरित कर रहे हैं।

# सात दिवसीय ब्रह्माकुमारी राजयोग शिविर का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम सुतीउरकुली में 23 मार्च से 7 दिवसीय ब्रह्माकुमारी राजयोग शिविर का शुभारंभ किया गया। इस आध्यात्मिक शिविर का उद्देश्य ग्रामवासियों को मानसिक शांति, आत्मिक जागरूकता एवं सकारात्मक जीवनशैली की ओर प्रेरित करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य रामकुमार साहू, सरपंच चन्द्रावती साहू, राजकुमार जांगड़े एवं ब्रह्माकुमारी मंजु दीदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। ब्रह्माकुमारी मंजु ने राजयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह साधना व्यक्ति को तनावमुक्त जीवन जीने, सकारात्मक सोच विकसित करने एवं आत्मबल बढ़ाने में सहायक होती है।

उन्होंने सभी ग्रामवासियों से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। शिविर के दौरान प्रतिदिन ध्यान, योगाभ्यास एवं आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझने का अवसर मिलेगा। ग्राम सुतीउरकुली में आयोजित यह शिविर क्षेत्र के लोगों के लिए एक विशेष आध्यात्मिक अनुभव साबित होने की उम्मीद है।

# जिला संवाद 2026 की सफलता में योगदान के लिए अभिषेक 'मिकी' तिवारी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

हरिभूमि–आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद 2026 कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने वाले अभिषेक 'मिकी' तिवारी, संचालक चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल, बलौदा बाजार को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान हरिभूमि–आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि शिवरतन शर्मा, प्रमोद शर्मा, सुरेंद्र शर्मा तथा सुनील माहेश्वरी ने संयुक्त रूप से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि किसी भी बड़े आयोजन की सफलता के पीछे अनेक लोगों का समर्पण और सहयोग होता है।

- **प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, मंत्री टंकराम वर्मा सहित विशिष्ट अतिथियों ने किया सम्मान**

अभिषेक 'मिकी' तिवारी ने आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके चलते कार्यक्रम सुचारू एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

उल्लेखनीय है कि "जिला संवाद 2026" के माध्यम से जिले के विकास, चुनौतियों और संभावनाओं पर व्यापक चर्चा की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों की भागीदारी रही, जिससे यह आयोजन सार्थक एवं प्रभावी साबित हुआ। इस दौरान उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों ने अभिषेक तिवारी को सम्मान मिलने पर बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की और भविष्य में भी इसी तरह सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की।

# ईद अमन भाईचारा खुशहाली का देता है संदेश : हाजी फारूकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



मुस्लिम समाज के वरिष्ठ हाजी इजहार अहमद फारूकी ने कहा कि ईद का मायने ही खुशी होता है। जब बंदा एक महीना रोज भूखे प्यासे रहकर सब्र के साथ अपने रब को खुश करने रोजा रखता है, तो उसका शरीर के साथ ही रूह भी शुद्ध होती है, रोजे की हालत में सभी तरह के गुनाह से बचना चाहिए। रोजे के दौरान झूठ चुगली नफरत बेईमानी चोरी जैसे किसी भी तरह के गलत काम से सकत मनाही है और एक महीने रोजे के बाद ईद इनाम है। खुशी मनाने के लिए हाजी फ़ारूकी ने कहा कि सभी मुसलमानों को जो साहिबे हैसियत है, उन्हें अपनी जान और अपने धन दौलत का सदका फितरा (दान) निकलना जरूरी है जिससे गरीब यतीम जरूरत मंद की मदद की जा सके।

पूर्व मोतवल्ली डॉ. अमीन खान ने कहा कि हम सभी को एक दूसरे के साथ आपसी भाईचारे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करना चाहिए।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अयाज अहमद ने कहा कि आज देश में नफरत की जगह मोहब्बत की आवश्यकता है देश के विकास के लिए सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत से ही देश आगे बढ़ सकता है और ईद का पर्व हमें सबको गले लगाने का संदेश देता है।

डॉ सब्बीर खान ने पुलिस प्रशासन को गले लगाते हुए उन्हें धन्यवाद दिया कि पुलिस प्रशासन ने अपना काम बखूबी निभाया। नमाज के बाद ईमाम साहब ने हिंदुस्तान में अमन, सुख शांति, भाई चारा और मुल्क की मजबूती और विकास के लिए दुआ मांगी। समाज प्रमुख पीरू ख़ान एजाज अली रमजान खान ने सुबह से ही ईदगाह की व्यवस्था संभाली। ईद गाह में हाजी गुलाब ख़ान, अब्दुल गनी, डॉ. भूरे खान इकबाल सोरठिया, रसीद खान, एजाज फारूकी, मुस्ताक अंसारी, ताहिर खान, जुबेर खान, इरफान फारूकी, वकार, आलम, मूसा भाई, जावेद खान, निसार अली, मुनव्वर खान, हबीब खान, बल्लू भाई, इरफान खान, शकील खान, फैजान सोरठिया सहित आसपास क्षेत्र के लोगों भारी संख्या में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### मचेवा में स्वच्छता अभियान व पूर्व सैनिक सम्मान कार्यक्रम हुआ

**महासमुंद**। माय भारत (मेरा युवा भारत) के तत्वावधान में स्वान यूथ क्लब द्वारा शहीद दिवस एवं श्रम दिवस पर ग्राम मचेवा में स्वच्छता अभियान एवं पूर्व सैनिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से पूर्व सैनिक बलदेव प्रसाद मिश्रा (66 फील्ड रेजिमेंट, पश्चिमी पाकिस्तान में पदस्थ) का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ग्राम मचेवा के सरपंच एवं उपसरपंच मौजूद रहे। महर्षि विद्या मंदिर के सुभाष पांडे (योग गुरु) एवं विद्यालय के छात्रों ने भी स्वच्छता अभियान में शामिल हुए।

### एक मंच, एक प्रणाली भर्ती में अब पूरी पारदर्शिताः निधि

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ विधानसभा में छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल विधेयक 2026 के पारित होने पर जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने राज्य सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय का जोरदार स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक प्रदेश के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। निधि ने कहा कि लंबे समय से भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्धता को लेकर जो सवाल उठते रहे हैं, उन्हें दूर करने का काम यह नया चयन मंडल करेगा।

### रोपवे हादसे में आहत व मृतक के परिवारों को मुआवजा दे सरकार

**महासमुंद**। खल्लारी में रोपवे टूटकर गिरने से हुए दुःखद हादसे पर संवेदना व्यक्त करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई कर मृतक के परिजनों व घायलों को मुआवजा प्रदान करने की मांग सरकार से की है। नपाध्यक्ष ने मांग की है कि मृत महिला के परिवार को



1 करोड़ तथा घायलों को 20-20 लाख रुपए मुआवजा राशि प्रदान कर शोकाकुल व आहत परिवार को राहत पहुंचाने की कार्रवाई सरकार को करनी चाहिए। साथ ही रोपवे संचालन कंपनी को ब्लैक लिस्टेड कर कंपनी के मुख्य अधिकारी व लापरवाही कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। नपाध्यक्ष ने कहा कि माता के दर्शन के लिए लगाए गए रोपवे में भारी भरकम निर्माण सामग्रियों की ढुलाई कराए जाने की जानकारी भी मिली है। यह अत्यंत लापरवाही पूर्ण कृत्य है, भारी भरकम सामग्री ऊंचे पहाड़ी पर रोपवे के माध्यम से पहुंचाने के कारण रोपवे के केबल की गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ा। जिसका परिणाम हादसे के रूप में सामने आया है।

न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202602321400007/ बी-121/2025-2026

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विक्रम आ. नरसिंग, उम्र-26 वर्ष, जाति सतनामी, निवासी ग्राम-घोघरा, तहसील-भटगांव, थाना- सरसीवा, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) एवं आवेदिका चेतिका महंत पिता दुर्लभदास महंत, उम्र 28 वर्ष, जाति -पनिका, निवासी ग्राम-नन्देली, थाना व तहसील - सारंगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) की ओर से अधिवक्ता द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत विवाह अनुष्ठापित किये जाने हेतु आवेदक के आधार कार्ड, निवास, जाति प्रमाण पत्र, 10,12 वीं अंकसूची की छायाप्रति तथा आवेदिका के आधार कार्ड, निवास, जाति प्रमाण पत्र, 10, 12 वीं अंकसूची की छायाप्रति, घोषणा पत्र, शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर / आपत्ति हो तो वह प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी
जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

# शो-पीस बना लाखों का वाटर एटीएम, पीने के पानी के लिए तरस रहे राहगीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के मुख्य बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए लाखों रुपये की लागत से लगाया गया वाटर एटीएम पिछले कई सालों से खराब पड़ा है। अनदेखी के कारण यह मशीन अब केवल एक शो-पीस बनकर रह गई है। भीषण गर्मी हो या सामान्य दिन, बस स्टैंड पहुंचने वाले यात्रियों को पीने के पानी के लिए बोतलबंद पानी के लिए रकम चुकानी होती है।

सरकार ने यात्रियों को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस वाटर एटीएम की स्थापना की। शुरुआत में कुछ समय तक लोगों को इसका लाभ भी मिला, लेकिन तकनीकी खराबी आने के बाद इसे सुधारने की कोई कोशिश नहीं की गई।

देखरेख के अभाव में मशीन के कलपुर्जे खराब हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन ने पैसा तो खर्च कर दिया, लेकिन उसकी निरंतरता बनाए रखने में पूरी तरह विफल रहा है। बस स्टैंड पर प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आना-जाना होता है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को पानी की तलाश में बस स्टैंड से बाहर जाना पड़ता है। यात्रियों का कहना है कि जब सरकार ने लाखों रुपये खर्च कर मशीन लगाई थी, तो उसे चालू रखने की जिम्मेदारी भी विभाग की होनी चाहिए।

## यात्रियों को पीने के पानी के लिए बोतलबंद पानी के लिए रकम चुकानी पड़ रही

### दुकानों से पानी खरीदना मजबूरी

बस स्टैंड पर आने वाले राहगीरों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों के लिए पानी की समस्या एक बड़ा आर्थिक बोझ बन गई है। सरकारी नल और वाटर एटीएम बंद होने के कारण यात्रियों को मजबूरन दुकानों से 20 रुपये की पानी बोतल या पाउच खरीदना पड़ रहा है। जो गरीब यात्री पानी खरीदने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है। बस स्टैंड पर प्याऊ की भी कोई समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई है।



### नए बस स्टैंड की मांग अधूरी

नगर पालिका अध्यक्ष निखिल मनोजकांत साहू ने शहर की बढ़ती आबादी और ट्रैफिक को देखते हुए कई बार नए बस स्टैंड की मांग शासन से की है। वर्तमान बस स्टैंड काफी पुराना हो चुका है और यहां सुविधाओं का भारी अभाव है। एक तरफ सरकार प्रदेश के शहरों को हाईटेक बनाने का दावा करती है, वहीं दूसरी तरफ जिला मुख्यालय के मुख्य पड़ाव पर मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। नए बस स्टैंड का प्रस्ताव फाइलों में है और नगरवासियों को अब तक इसकी सौगात नहीं मिली।

## ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों से कराया परिचय

# पीएम श्री स्कूल के छात्रों ने शिवरीनारायण तुरतुरिया व हसुवा का किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक ज्ञान से समृद्ध करने एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को शिवरीनारायण, तुरतुरिया, तथा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा की तहसील अंतर्गत ग्राम हसुवा स्थित महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया गया।

इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्थानीय इतिहास, संस्कृति एवं धार्मिक महत्व से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने इन स्थलों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि,धार्मिक मान्यताओं तथा प्राकृतिक सौंदर्य के बारे में जानकारी प्राप्त की, जिससे उनके ज्ञान में वृद्धि हुई।



विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा के बाहर सीखने के ऐसे अवसर विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं तथा उनकी जिज्ञासा को बढ़ाते हैं। वहीं विद्यालय की वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन ने कहा कि ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का प्रत्यक्ष अवलोकन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी होता है। इससे उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक अनुभव प्राप्त होता है। सेवानिवृत्त व्याख्याता डोमार सिंह यादव ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे भ्रमण से न केवल ज्ञानवर्धन होता है, बल्कि विद्यार्थियों में अपनी संस्कृति और विरासत के प्रति सम्मान की भावना भी विकसित होती है।

इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के शिक्षकगणों का भी विशेष योगदान रहा, जिन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए यात्रा को सफल एवं ज्ञानवर्धक बनाया। विद्यार्थियों ने भी इस भ्रमण का भरपूर आनंद लिया और इसे अपने लिए एक यादगार अनुभव बताया। इस अवसर में प्राचार्य रजनी मिंज, वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन, सेवानिवृत्त व्याख्याता डोमार सिंह यादव, योगेंद्र त्रिपाठी, जगदेव सिंह बंजारे, रुपशिखा साहू, अंकृति भिड़े, नदीश साहू, लुकेश्वर उइके, निकिता वर्मा, नीलम वर्मा, कल्याणी साहू, यश अमलानी एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कचलोन में नवीन सोसायटी का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम कचलोन में नव स्थापित कृषक सेवा सहकारी सोसाइटी के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान नेता अनिल पांडे ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। हमने यहां के किसानों से वादा किया था कि यहां की समिति को सिमगा से अलग करके देंगे और आज हम वह वादा पूरा कर रहे हैं। श्री पांडे ने कहा आप सबको अब धान बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। अब कचलोन व तेंदूभाठा के किसान यहां पर अपने उत्पादन को बेचेंगे। उन्होंने बताया कि यहां 653 किसान पंजीकृत है, अब उन्हें खाद बीज के लिए सिमगा जाने की आवश्यकता नहीं है। सारा चीज आपके ग्राम पर ही उपलब्ध होगा। प्रदेश में विष्णु देव की सरकार है और विकास के लिए किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आएगी। विष्णु देव की सरकार किसान नौजवान, महिलाओं एवं युवाओं के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ हो



ऐसा काम कर रही है और निश्चित तौर पर आज यहां पर हो रहे उद्घाटन इस बात का प्रमाण है कि सरकार कितनी चिंतित है।

कार्यक्रम में युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अविनाश शर्मा ने कहा आज मेरे पापा पश्चिम बंगाल में चुनाव के चलते बाहर हैं, उनकी जगह मुझे आपके ग्राम में आने का अवसर मिला। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री व समिति के अध्यक्ष छोटू यादव, जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष आशीष टोडर, कामता समिति के अध्यक्ष रोहित साहू, पौंसरी समिति के अध्यक्ष पारस साहू, पार्षद सिमगा अनूप तिवारी, अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष हेमलाल कुर्रे, विनोद वर्मा, बिसाऊ साहू, नीलकमल निषाद, दुखला साहू, लहरी साहब आर्यन साहू, राजू कसले, जीते निषाद, राहुल, परस पाटकर सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# 14.89 करोड़ के देवगांव जलाशय लाइनिंग में भारी अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

क्षेत्र के देवगांव जलाशय योजना में 14 करोड़ 89 लाख 12 हजार रुपए की लागत से निर्माणाधीन नहर में कार्य पूर्ण होने से पहले ही सैकड़ों स्थानों पर बड़ी-बड़ी दरारें उभर आई हैं।

मिली जानकारी अनुसार देवगाँव जलाशय से लगभग 17 किलोमीटर लंबी मुख्य नहर एवं 4-4 किलोमीटर की दो लिंक नहर (कुल 8 किमी) सहित करीब 25 किलोमीटर क्षेत्र में सीसी लाइनिंग का कार्य किया जा रहा है। आरोप है कि ठेकेदार एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके चलते महज 6 माह के भीतर ही लाइनिंग की गुणवत्ता उजागर हो गई। हाल ही में रायपुर से पहुंची क्वालिटी कंट्रोल टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर बड़े-बड़े दरारें पाए जाने पर संबंधित हिस्सों को तोड़ने के निर्देश



दिए। इसके साथ ही निर्माण में उपयोग हो रहे रेत को भी मिट्टीयुक्त और गुणवत्ताविहीन पाए जाने पर उसके उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया। क्वालिटी कंट्रोल टीम के निर्देशों के बावजूद ठेकेदार द्वारा सभी चिन्हित हिस्सों को नहीं तोड़ा गया है, बल्कि कुछ जगहों को तोड़कर केवल औपचारिकता निभाया गया। जबकि कई स्थानों पर बड़ी दरारों को सीमेंट डालकर भरने की कोशिश की गई है, जिससे पूरे प्रोजेक्ट की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह कार्य मेसर्स गणपति कंस्ट्रक्शन, रायपुर द्वारा किया जा रहा है। गौरतलब है कि यह परियोजना अभी पूर्ण भी नहीं हुई है और कार्य प्रगति पर है, बावजूद इसके इतनी जल्दी खामियां सामने आना निर्माण कार्य की पारदर्शिता और गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है। इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र के किसानों में भी भारी नाराजगी देखी जा रही है।

किसानों का कहना है कि जिस उद्देश्य से इस परियोजना को शुरू किया गया था, वह समय पर और सही गुणवत्ता के साथ पूरा नहीं हुआ तो आने वाले समय में सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित होगी। उन्होंने मांग की है कि निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि यह परियोजना भ्रष्टाचार के भेंट न चढ़े।

# सिख संगठन ने सरदार भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ सिख संगठन ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर भगत सिंह चौक में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान समाज सेवी लोगों को फल वितरित किया।

कार्यक्रम में अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, विधायक सुनील सोनी, पूर्व विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा, छत्तीसगढ़ सिख संगठन के संयोजक अरूण छाबड़ा बंटी, प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला, महासचिव सचिन मोनू सलुजा समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित



थे। सामाजिक सदस्यों ने कहा देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीद भगत सिंह का अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और बलिदान हम सभी के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उनका त्यागमय जीवन हमें मातृभूमि की सेवा, न्याय और देशहित के लिए समर्पित रहने का संदेश देता है। ऐसे महान क्रांतिकारी वीर सपूत को कोटि-कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

## बिरकोनी के युवाओं ने निरई माता की पूजा-अर्चना कर की सुख-समृद्धि की कामना



**बिरकोनी**। चैत्र नवरात्रि की चतुर्थ तिथि पर जय भोले के सदस्यों ने निरई माता का दर्शन कर ग्राम की सुख समृद्धि की कामना की। गरियाबंद जिला के पांडुका में प्रसिद्ध डोंगरी में स्थित निराई माता दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कलीराम निषाद ने विधिवत पूजा-अर्चना कर ग्राम की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। योगेश साहू ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार चंदन लगाकर एवं चुनरी चढ़ाकर श्रद्धापूर्वक माता का नमन किया। सर्वप्रथम ग्राम की कुल देवी की पूजा अर्चना कर यात्रा प्रारंभ किया। जिसमें कचना ध्रुर्वा के बाद निराई माता, भूतेश्वर महादेव, पिटई पाठ में माथा ठेककर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर कली राम निषाद, नारायण यादव, हीरा साहू, योगेश साहू, जुगेश यादव, भुलाऊ निषाद, युगल,भुखन, राहुल उपस्थित रहे।

# पीएम जनमन योजना से खल्लारी के 11 कमार परिवारों के 26 सदस्यों को मिले आधार, राशन कार्ड एवं आवश्यक दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के ऐतिहासिक स्थल खल्लारी, जो मां खल्लारी और भगवान जगन्नाथ की आस्था से ओतप्रोत है, प्राचीन काल में रायपुर के कल्चुरियों की राजधानी के रूप में भी प्रसिद्ध रहा है। समृद्ध इतिहास और धार्मिक महत्व के बावजूद इस गांव में निवासरत कमार जनजाति के कई परिवार वर्षों से मूलभूत सरकारी सुविधाओं से वंचित थे। आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में वे शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे थे, जिससे उनका जीवन संघर्षपूर्ण और भविष्य अनिश्चित बना हुआ था।

स्थिति में परिवर्तन तब आया जब प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत विशेष अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान का उद्देश्य ऐसे वंचित एवं दस्तावेज़विहीन परिवारों को चिन्हित कर उन्हें शासन की मुख्यधारा से जोड़ना था। ग्राम खल्लारी में किए गए सर्वेक्षण के दौरान 11 कमार परिवारों के 26 ऐसे व्यक्तियों की पहचान की गई, जिनके पास कोई भी वैध शासकीय दस्तावेज उपलब्ध नहीं था। इसके पश्चात संबंधित विभाग की टीम ने पूर्ण संवेदनशीलता, जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ कार्य प्रारंभ किया। प्रत्येक व्यक्ति के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस दौरान जानकारी के अभाव, आवश्यक प्रमाणों की कमी तथा ग्रामीणों की प्रारंभिक झिझक जैसी कई चुनौतियां सामने आईं, किंतु टीम के धैर्य एवं सतत प्रयासों से सभी

- **कमार जनजाति के कई परिवार मूलभूत सुविधाओं से थे वंचित**

समस्याओं का प्रभावी समाधान किया गया। कम समय में ही सभी 26 व्यक्तियों के आवश्यक दस्तावेज तैयार कर लिए गए, जिससे वे शासन की विभिन्न योजनाओं के पात्र बन गए। इसके साथ ही सभी चिन्हित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के आवास स्वीकृत किए गए। आवास निर्माण के दौरान परिवार के सदस्यों ने मनरेगा के तहत कार्य करते हुए मजदूरी के माध्यम से आय अर्जित की, जिससे उन्हें आर्थिक संबल भी प्राप्त हुआ। साथ ही इन परिवारों के साक्षर सदस्यों को जिला मुख्यालय में शासकीय सेवाओं में अवसर भी प्रदान किए गए, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ। लाभान्वित महिला बहरई कमार ने बताया कि पूर्व में शौचालय के अभाव में उन्हें खुले में शौच के लिए जाना पड़ता था, जिससे असुविधा एवं असुरक्षा का सामना करना पड़ता था। अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित घर में नल युक्त शौचालय की सुविधा मिलने से उनके जीवन में गरिमा, सुरक्षा एवं सहजता आई है। इसी तरह लाभान्वित हितग्राही सोनऊ कमार एवं उमेश कमार ने बताया कि पूर्व में सीमित संसाधनों के कारण जीवनयापन अत्यंत कठिन था, किन्तु अब शासकीय नौकरी मिलने से परिवार को स्थायित्व एवं सुरक्षा प्राप्त हुई है। उनके बच्चे अब अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं और उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हैं। आज खल्लारी गांव के ये सभी परिवार पहले की अपेक्षा अधिक आत्मनिर्भर, सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

## पेज 9 के शेष

### सीएम साय का आगमन...

अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके पश्चात डीके कॉलेज ग्राउंड में हेलीपेड निर्माण का भी निरीक्षण किया। उन्होंने हेलीपेड में नियमित पानी छिड़काव करने, कच्ची सड़क पर मुरुम डालने के भी निर्देश दिये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, एसडीएम प्रकाश कोरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### युवती को जालाने ...

अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस सहायता केन्द्र लिमतरा से प्रभारी सउनि जगदीश सोनवीन, प्र.आर. राजेन्द्र नेताम, आर लीलाधर देववंशी, आर. लक्ष्मी प्रसाद यादव की टीम द्वारा आरोपी रिषभ मसीह उर्फ बंटी 29 साल निवासी गणेशपुर थाना सिमगा हाल विश्रामपुर को पता तलाश कर हिरासत में लेकर 23 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय के समस्त प्रस्तुत किया गया, जहां उसे जेल भेजा गया। विदित हो कि आरोपी थाना सिमगा क्षेत्र का का गुंडा बदमाश भी है।



## खबर संक्षेप

### तनीमा का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन



भाटापारा। श्री शंकराचार्य विद्यापीठ की छात्रा तनीमा कोसले का इंस्पायर अवार्ड मानक में चयन हुआ। छात्रा द्वारा घर में इस्तेमाल की जाने वाली रसोई गैस से महिलाओं की सुरक्षा हेतु यंत्र बनाया गया है। छात्रा को केंद्र सरकार द्वारा 10 हजार की राशि प्रदान की गई है। अब छात्रा जिले में चयन के बाद जोन में अपने उपकरण का प्रदर्शन करेगी। छात्रा तनीमा के चयन पर स्कूल में उनके साथी छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक, प्राचार्य एवं प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त किया है। इंस्पायर माणक अवार्ड के लिए श्री शंकराचार्य विद्यापीठ के छात्र-छात्राओं का चयन लगातार हो रहा है, जिसमें प्रदेश स्तर पर छात्रों ने अपने बनाए हुए मॉडल का प्रदर्शन किया है।

### अंतिम तिथि से पहले जमा करे मकान टैक्स

भाटापारा। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने नगर के नागरिकों से अपील की है कि वे वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति से पूर्व अपने समस्त बकाया राजस्व (संपत्ति कर, जल कर, दुकान किराया व अन्य शुल्क) का भुगतान कर शहर के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।



राजस्व वसूली के लक्ष्य को प्राप्त करने और नागरिकों की सुविधा के लिए नगर पालिका द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। समस्त करों का भुगतान 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से किया जा सकता है। नागरिक कार्यदिवसों में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक नगर पालिका कार्यालय की राजस्व शाखा में सीधे कर जमा कर सकते हैं। दोपहर 3 बजे के बाद नागरिक अपने संबंधित वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षक से संपर्क कर चेक या नगद के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए, नागरिकों की सुविधा हेतु नगर पालिका का राजस्व विभाग शनिवार एवं रविवार को भी खुला रहेगा, ताकि नौकरीपेशा और व्यवसायी वर्ग आसानी से अपना कर जमा कर सकें। अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा नगर का विकास हमारे द्वारा दिए गए करों पर निर्भर करता है।

### रसोई गैस का अवैध कारोबार, 16 सिलेंडर बरामद, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। रसोई गैस की किल्लत का फायदा उठाकर ब्लैक में बेचने के आरोप में खमतराई पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से 16 नग रसोई गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। जब्त रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 64 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी ने बल्क में रसोई गैस सिलेंडर की व्यवस्था कहां से की, पुलिस इस संबंध में पूछताछ करने की बात कह रही है।
रसोई गैस के अवैध भंडारण तथा बिक्री करने के आरोप में पुलिस ने संजय साव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बंजारी मंदिर के पास छापा मारकर गैस सिलेंडर जब्त किए हैं।

### माता खल्लारी के दरबार में आस्था के साथ खिलवाड़ क्यों: निधि

महासमुंद। खल्लारी माता के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं के साथ हुए दर्दनाक हादसे पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निधि लोकेश चंद्राकर ने कड़ा रुख अपनाते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि जिस रोपवे को केवल श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाया गया था, उसका इस्तेमाल भारी पत्थर, बोल्डर, रेत और सीमेंट की बोरियां ढोने के लिए किया जा रहा था। निधि लोकेश चंद्राकर ने सवाल करते हुए कहा कि क्या रोपवे की ट्रॉली और केबल भारी निर्माण सामग्री ढोने के लिए डिजाइन की गई थी? श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ताक पर रखकर रोपवे का व्यावसायिक उपयोग किसके इशारे पर हो रहा था? नियमित जांच और सुरक्षा ऑडिट में इतनी बड़ी कोताही कैसे बरती गई? यह सिर्फ एक तकनीकी खराबी नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से मानव-जनित लापरवाही है।

---

पर्व : सुबह से मंदिर परिसर में लगी भक्तों की कतारें, जयकारों से गूंज उठा पूरा परिसर

# चितावर धाम में पंचमी पर उमड़ा जनसैलाब, जस गीतों पर झूमे श्रद्धालु


हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिरमी-रावन

क्षेत्र के प्रसिद्ध चितावर धाम भालूकोना में पंचमी पर भव्य धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी और देखते ही देखते पूरा परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं की भारी उपस्थिति ने आयोजन को एक विशाल जनसमूह का रूप दे दिया। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंच पर आयोजित सांस्कृतिक एवं भजन संध्या में प्रसिद्ध गायक किसन सेन द्वारा प्रस्तुत जस गीतों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। उनके सुरों पर उपस्थित श्रद्धालु देर तक झूमते रहे और पूरे परिसर में भक्ति रस की धारा बहती रही। सुपा सुपा लाई चढ़ावा के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जो पारंपरिक वेशभूषा में बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। उन्होंने पूरे उत्साह के






साथ भजनों में सहभागिता की और तालियों की गूंज से माहौल को और भी जीवंत बना दिया। आयोजन स्थल पर अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आयोजकों द्वारा पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। मंच संचालन के दौरान अतिथियों का स्वागत किया गया तथा धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। आयोजकों ने बताया कि पंचमी के दिन इस धाम में विशेष पूजा-अर्चना का महत्व होता है, जिसके चलते हर वर्ष यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय युवाओं एवं समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन देवव्रत यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहरा सरपंच तारणी जवाहर वर्मा, मुसवाडीह सरपंच अंजलि पवन कुमार सारथी, पूर्व सरपंच आशीष कुमार वर्मा, मोहरा जनपद सदस्य पुष्पा सुखनन्दन चेलक, मंदिर अध्यक्ष दीनबंधु यादव, पुजारी रामप्रसाद वर्मा, कार्तिक राम वर्मा, छत्र धारी वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, सनत सेठ, प्रदीप कुमार यादव सहित मंदिर के सदस्य उपस्थित थे।



### माता के भक्ति में डूबा अंचल, आस्था के ज्योत से देवालय जगमग

पलारी। चैत्र नवरात्रि पर अंचल माता के भक्ति में डूबा हुआ है। देवालयों में आस्था के ज्योत प्रज्वलित किए गए हैं। वहीं मनोकामना घरों में जोत जवारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। माता रानी की सेवा में जसगीत एवं भक्ति गीत से माहौल भक्तिमय हो गया है। वहीं देवालयों आस्था के ज्योत से जगमग है, जिसमें दतान मार्ग पर स्थित बगदाई माता मंदिर घृत ज्योति 5, सरसो तेल ज्योति 1, तेल ज्योति 102 कुल 108 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित है। शीतला माता मंदिर में घृत ज्योति 7, तेल ज्योति 167 कुल 174 ज्योति कलश भक्तों ने प्रज्ज्वलित की है।

### मां डोंगर देवी मंदिर में 1003 ज्योति प्रज्ज्वलित

भवानीपुर। जिला बलौदाबाजार के विकासखंड पलारी के अंतर्गत ग्राम मलपुरी गिधपुरी मां डोंगर देवी मंदिर में पं. शेखराम शर्मा द्वारा पंचमी पर्व में विशेष पूजा अर्चना कर मनोकामना दीप प्रज्वलित किया गया। विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर 1003 ज्योत प्रचालित है। माता डोंगर देवी के मंदिर महानदी के तट पर विराजमान हैं जोकि छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से दर्शन करने के लिए लोग पहुंचते हैं। मां का मंदिर विशेष रूप से सजाया गया है और लाइट डेकोरेशन एवं रंगोली इत्यादि से सजाया गया है माता सेवा समिति द्वारा प्रज्वलित दीप को रेख देख करते हुए मंदिर परिसर को साफ सफाई सहित सेवा भाव से कार्य करते हैं एवं सुबह शाम माता सेवा करते छोटे-छोटे बच्चे उन बुजुर्ग लोग बढ़-चढ़कर भाग लेकर माता का कीर्तन भजन करते रहते हैं। इस साल ज्योत की राशि बढ़ा दिया गया है जिसमें प्रत्येक ज्योत 651,समिति द्वारा निर्धारित की गई है समिति द्वारा भोजनालय एवं स्वल्पाहार का भी व्यवस्था रखा गया है। मां के मंदिर में पहले ही दिन से भीड़ लगने लगी है। सेवादार द्वारा मनोकामना ज्योति को दर्शनार्थियों को क्रमशा दर्शन करवा रहे हैं, जिसमें ईश्वर दास वैष्णव, पवन चंद्राकर, नोहर गिरी, सेवा राम निषाद, आनंदपाल, ओम प्रकाश पटेल, मोहन साहू, लोकश्वर ध्रुव, ज्ञान सिंह ध्रुव, चिंताराम निषाद, रिखी राम ध्रुव, भूपेंद्र नायक, सितु साहू आदि द्वारा सेवाभाव से माता दरबार में प्रतिदिन सेवा करने के लिए उपस्थित हैं।





### आस्था की ज्योति से मां का दरबार हुआ जगमग

लवन। क्षेत्र की आराध्या देवी मां महामाया में चैत्र नवरात्रि पर मंदिर भक्तों की आस्था और अपार श्रद्धा का प्रतीक ज्योति कलश हजारों की संख्या में प्रज्वलित है, जिससे माता का मंदिर रोशनी से जगमग है। संतान दात्री माता महामाया के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ नवरात्रि के प्रथम दिवस से शुरू हो चुकी है। चतुर्थी तिथि रविवार होने के कारण 22 मार्च को भीड़ मन्दिर में उमड़ी थी। 23 मार्च पंचमी तिथि को यह भीड़ और बढ़ी। इस दिन मां का विशेष श्रृंगार हुआ, जिसका दर्शन के लिए भक्तों की उत्साह देखते ही बना। विदित हो कि इस वर्ष पिछले चैत्र नवरात्रि की अपेक्षा ज्योति कलश में वृद्धि हुई है। इस संबंध में मंदिर के पुजारी मृत्युंजय तिवारी ने बताया कि इस वर्ष भी मनोकामना ज्योति प्रज्वलित हुई है। अष्टमी हवन का दीप मंत्रोपचार से प्रज्वलित होता है। अष्टमी तिथि को ज्योति विसर्जन को मंदिर के पुजारी के अलावा कोई नहीं देखते हैं कि बात भी बताया गयी।



---

# भरुवाडीह कला में 26 को श्रीरामलला प्रतिमा स्थापना समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

ग्राम भरुवाडीह कला में 26 मार्च को राम मंदिर के नवनिर्माण के उपलक्ष्य में प्रभु श्री रामलला की मूर्ति स्थापना का धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में आयोजन समिति के सदस्य योगेश निषाद, गजेंद्र साहू, भगत राम निषाद, हीरा सिंह वर्मा, नारायण साहू, जागेश्वरी निषाद तथा रमेश निषाद ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे कलश यात्रा के साथ किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं मातृशक्ति की भागीदारी रहेगी। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ हवन–पूजन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि संध्या 7 बजे महाआरती का आयोजन होगा तथा 7.30 बजे से श्रद्धालुओं के लिए रामायण पाठ रखा गया है। शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा एवं सरपंच चित्ररेखा सेतकुमार बंजारे ने संयुक्त रूप से बताया कि रात्रि कालीन कार्यक्रम में तुलसी के बोल मानस परिवार तोड़गांव द्वारा भव्य धार्मिक प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति का वातावरण निर्मित होगा। रामायण समिति एवं ग्राम भरुवाडीह कला के समस्त ग्रामवासियों द्वारा क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं, भक्तजनों एवं आसपास के ग्रामों के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पावन अवसर का लाभ लेने की अपील की गई है।

### राम जन्मोत्सव निकाली जायेगी बाइक रैली समिति ने बैठक में लिया निर्णय

बलौदाबाजार। श्री जन्मोत्सव आयोजन समिति की में 28 मार्च को श्री राम जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आयोजन के तहत शाम 5 बजे दशहरा मैदान से एक भव्य बाइक रैली निकाली जाएगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और श्रद्धालुओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई है। रैली के माध्यम से धार्मिक उत्साह और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया जाएगा। बैठक में आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई और विभिन्न जिम्मेदारियां समिति के सदस्यों को सौंपी गईं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की गई।



# रामनवमी पर शहर में निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

▪ भगवान राम की आदमकद मूर्ति और कई झांकियां होगी शामिल, शुरू हुई तैयारी

धर्म सेना के तत्वावधान में रामनवमी पर 26 मार्च को शोभायात्रा निकलेगी, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। महासती मंदिर से शाम 4 बजे शुरू होकर यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। शोभायात्रा के भारत माता चौक पहुंचने पर भगवान राम एवं भारत माता की आरती के साथ जमकर आतिशबाजी की जाएगी। रथ पर विराजित राम दरबार की सजीव झांकियों की प्रस्तुतियां और संतों की मौजूदगी इसे खास बनाएगी। पूरे शहर में सजावट और जनसंपर्क अभियान भी तेज हो गया है।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर भाटापारा शहर में विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा गोविंद चौक, रामसत्ता चौक, जय स्तंभ चौक, फवारा चौक मार्ग होते हुए महारानी चौक स्थित हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा के साथ समापन करेगी। पूरे मार्ग पर स्वागत द्वार, झंडे तोरण और आकर्षक सजावट की जाएगी.आयोजन समिति ने बताया कि शोभा यात्रा में इस बार विशेष आकर्षण के रूप में भगवान राम की आदमकद मूर्ति शामिल होंगी। इसके साथ ही रामदरबार सजीव झांकियां भी निकाली जाएंगी, जो धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संदेश देंगी। शोभा यात्रा में बड़े संत भी शामिल रहेंगे, जिनके सान्निध्य में पूरा आयोजन आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर रहेगा। आयोजन की तैयारी को लेकर रविवार शाम राम सप्ताह मंडप में बैठक की गई, जिसमें प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, अभिषेक उपाध्याय (बंटी), अनिल चांडक, नरेश चौबे, मोहन केसरवानी, अनिल मिश्रा, आशीष जायसवाल, महाबल बघेल, निक्की शर्मा, नरेंद्र उपाध्याय, नरेश शर्मा, नंदू वैष्णव, जितेंद्र मिश्रा, सतनारायण जोशी आदि लोग शामिल हुए।



### रामराज परिवार ने निकाली गई भव्य शोभायात्रा

खरोरा। रामराज परिवार द्वारा सोमवार को शोभायात्रा निकाली गई, जो कृष्णा चौक से लेकर पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक से होते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक, कृष्णा चौक एवं अंतिम में रामलीला चौक खरोरा में समापन किया गया। झांकी देखने नगर में काफी संख्या में राम भक्त उमड़ पड़े एवं जयश्री राम के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। रामराज परिवार द्वारा यह भव्य झांकीया पूरा खरोरा नगर में आकर्षक का केंद्र रहा। करीब 16 झांकियों के साथ यह शोभायात्रा नगर में निकाला गया, जिसमें मुख्य रूप से प्रभु श्रीराम लला का भव्य झांकी, मां कालिका की झांकी एवं और भी बहुत सारी झांकियां रही, रामराज परिवार द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का सभी लोगों ने स्वागत किया।
खरोरा मुस्लिम समुदाय ने श्री राम की शोभा यात्रा का स्वागत किया। वहीं आपसी प्यार दिखाते हुए मुस्लिम समुदाय ने मंच बना कर हिंदू भाइयो को सरबत पिलाया और राम नवमी की बधाई दी नजारा बहुत सुंदर और स्नेह भरा था। मुस्लिम समुदाय के समाज प्रमुख पीरू खान, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष राशिद अली, समाज के मुख्य सलाहकार डॉक्टर शब्बीर खान, पूर्व मुतवल्ली अमीन ख़ान की अगुवाई में समाज सेवक इरफान ख़ान, कांग्रेस नेता मिराज ख़ान, कैसर अली, राशिद ख़ान, रजा खान फैजान अली, असलम खान, रमजान कुरैशी, रियाज खान, अयान खान, सिफान अली, अदनान मेमन, जैद, फैज खान, आशिफ खान, मुख्य रूप से स्वागत की कड़ी में शामिल थे।





---

एकता और समरसता को बढ़ावा देंगे ऐसे प्रयास

# सिद्धेश्वर मंदिर क्षेत्र में 15 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी

नगर के प्राचीन एवं ऐतिहासिक सिद्धेश्वर मंदिर परिसर में विकास को नई दिशा देते हुए नगर पंचायत द्वारा 15 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर के समीप 12 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण तथा 3 लाख रुपए की लागत से मंदिर के सामने स्थित भवन के जीर्णोद्धार कार्य का पूजा-अर्चना के साथ भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र की सुंदरता के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं भी प्राप्त होंगी। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने वरिष्ठजनों,एवं पार्षदगणों की उपस्थिति में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि सिद्धेश्वर मंदिर नगर की आस्था, श्रद्धा और सांस्कृतिक विरासत का प्रमुख केंद्र है। यहां कराए जा रहे विकास कार्यों से न केवल श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि पूरे क्षेत्र की सुंदरता और पहचान भी मजबूत होगी। नगर पंचायत द्वारा आगे भी इसी प्रकार जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ निरंतर जारी रखा जाएगा।पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने अपने कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करता है।

विपिन बिहारी वर्मा ने कहा कि सिद्धेश्वर मंदिर क्षेत्र में किए जा रहे ये विकास कार्य नगर के गौरव को नई पहचान देंगे तथा श्रद्धालुओं और नागरिकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराएंगे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि बंजारे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नंदू वर्मा, बृजमोहन साहू, मंडल अध्यक्ष मनीष चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पत्रकार शेखर वर्मा, यमलोक साहू, पार्षदगण लेखु वर्मा, नेमसिंह बांधे, नारायण धीवर, कुमार धीवर, भूषण ठेठवार, घनश्याम धीरहे, भोला वर्मा, साधराम साहू, ताजेन्द्र कन्नौजे, शेरखान, संतोष वर्मा, पुनीत रजक, ईश्वरपुरी गोस्वामी, तोषण साहू, गोलू वर्मा, सौरभ वर्मा, तिलक बंजारे सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



